भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.09.2024

## आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा के तहत पुरस्कार वितरण एवं कवि सम्मेलन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 14.09.2024 से 27.09.2024 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारी एवं अधिकारी – निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक् प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर विजेता बने।

आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित अधिकारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता में शबीह अहमद एसएमई ने प्रथम एवं अनिल कुमार श्रीवास्तव पीआरओ ने द्वितीय तथा नरोत्तम विश्वकर्मा एडीजीएम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वाक् प्रतियोगिता में सौरव सचान टीएमएस ने प्रथम एवं अशोक कुमार वरिष्ठ लिपिक ने द्वितीय तथा नीरज प्रकाश स्टेनो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

आगे इसी कड़ी में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें डा0 अखिलेश मिश्रा (आईएएस), राजेश श्रीवास्तव (दोहा सम्राट), मुकुल महान, श्लेष गौतम (हास्य कवि) एवं शिखा श्रीवास्तव ( श्रृंगार कवयित्री ) ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत की। जिसमें बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने काव्य पाठ का आनन्द लिया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई, विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाडा के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता अपनाने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए शॉपिंग कम्पलेक्स में आरेडिका के बच्चों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया।

27.09.2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी